**e-Mail**

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

**स0सं0:– 03/ भू0अ0नि0(6) विशेष सर्वे0–13/2024 (खण्ड)......931......**

प्रेषक,

**कमलेश कुमार सिंह, भा0प्र0से0**
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

**सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी,**
बिहार।

पटना, दिनांक :– 01.3.2025

विषयः– विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य अन्तर्गत प्रयुक्त सर्वर के सम्बन्ध में।

महाशय,

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में स्पष्ट करना है कि बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अंतर्गत किये जा रहे ऑनलाईन कार्यों में सर्वर की समस्या के दृष्टिगत उच्च स्तर पर दिये गये निदेश के आलोक में प्रमण्डलवार सर्वर का विभक्तीकरण किया गया है। सर्वर के विभक्तीकरण उपरांत प्रमण्डल स्तर पर किये जाने वाले कार्यों के लिये नया लिंक को सक्रिय किया गया है। प्रमण्डलवार लिंक का विवरण निम्नवत हैः–

| क्र0 | प्रमण्डल का नाम | सक्रिय लिंक का विवरण |
|---|---|---|
| 01. | पटना | http://patbhusurvey.bihar.gov.in/bs/loginsurveynew.aspx |
| 02. | मगध | http://mgdbhusurvey.bihar.gov.in/bs/loginsurveynew.aspx |
| 03. | सारण | http://srnbhusurvey.bihar.gov.in/bs/loginsurveynew.aspx |
| 04. | तिरहुत | http://trhbhusurvey.bihar.gov.in/bs/loginsurveynew.aspx |
| 05. | दरभंगा | http://drbbhusurvey.bihar.gov.in/bs/loginsurveynew.aspx |
| 06. | कोशी | http://kshbhusurvey.bihar.gov.in/bs/loginsurveynew.aspx |
| 07. | पूर्णियाँ | http://prnbhusurvey.bihar.gov.in/bs/loginsurveynew.aspx |
| 08. | भागलपुर | http://bhgbhusurvey.bihar.gov.in/bs/surveylanding.aspx |
| 09. | मुंगेर | http://mngbhusurvey.bihar.gov.in/bs/loginsurveynew.aspx |

अतः उपरोक्त प्रमण्डलवार निर्धारित लिंक या भू–सर्वेक्षण के ड्रॉपडाउन में जिला का चयन कर विशेष सर्वेक्षण कार्य संपादित करना सुनिश्चित किया जाय। विदित हो कि पूर्व में Official Whatsapp ग्रुप के माध्यम से संबंधित लिंक आपको उपलब्ध करायी जा चुकी है।

उक्त के आलोक में यह भी निदेशित किया जाता है कि प्रथम चरण के 20 जिले अन्तर्गत जिन 89 अंचलों में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अन्तर्गत विभिन्न प्रक्रमों के कार्य को पूर्ण किया जा चुका है, उनमें प्रत्येक प्रक्रम अन्तर्गत किये गये कार्यों से संबंधित सभी अभिलेखों/पंजियों यथा–याद्दाश्त पंजी, सुनवाई सम्बन्धी दावा, आपत्ति एवं पारित आदेश इत्यादि को भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर पर 01 पक्ष के अन्दर अपलोड करना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही अपलोडिंग सम्बन्धी उक्त कार्य का जिला बन्दोबस्त कार्यालय में पदस्थापित सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा शिविरवार अनुश्रवण करना सुनिश्चित किया जाए।

विश्वासभाजन

1/3/25

**(कमलेश कुमार सिंह)**
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

**ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0(6) विशेष सर्वे0—13 / 2024 (खण्ड)**...931...**पटना, दिनांकः**..01.3.2025..

**प्रतिलिपि** : सभी प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त, बिहार / सभी सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू—अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0(6) विशेष सर्वे0—13 / 2024 (खण्ड)**...931...**पटना, दिनांकः**..01.3.2025..

**प्रतिलिपि** : उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना / अवर सचिव / विशेष कार्य पदाधिकारी, भू—अभिलेख एवं परिमाप / प्रशाखा पदाधिकारी / निदेशालय में पदस्थापित संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारी / प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग / प्रभारी, आई0टी0 सेल, भू—अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। प्रमण्डल हेतु प्राधिकृत सभी नोडल पदाधिकारी को निदेश दिया जाता है कि विशेष सर्वेक्षण के प्रथम चरण में किये गये कार्यों से संबंधित सभी पंजियों / अभिलेखों का भू—सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर पर अपलोडिंग किये जाने संबंधी कार्य का अनुश्रवण कर अधोहस्ताक्षरी को प्रतिवेदन समर्पित किया जाय।

**निदेशक**
भू—अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0(6) विशेष सर्वे0—13 / 2024 (खण्ड)**...931...**पटना, दिनांकः**..01.3.2025..

**प्रतिलिपि** : हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, ATPL, GISC, IIC को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू—अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0(6) विशेष सर्वे0—13 / 2024 (खण्ड)**...931...**पटना, दिनांकः**..01.3.2025..

**प्रतिलिपि** : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू—अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

**निदेशक**
भू—अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0(6) विशेष सर्वे0—13 / 2024 (खण्ड)**...931...**पटना, दिनांकः**..01.3.2025..

**प्रतिलिपि** : सचिव / अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू—अभिलेख एवं परिमाप